## संपादकीय

# सिर पर खड़ा प्रदूषण

प्रदूषण को लेकर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा आगाह किए जाने के बावजूद इस क्षेत्र में सुधार की गति बेहद धीमी है। अब एक और अंतरराष्ट्रीय अध्ययन ने भारत में इसकी भयावहता की ओर ध्यान खींचा है। आईक्यूएयर एयर विजुअल और ग्रीनपीस के नए अध्ययन के मुताबिक दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित 10 शहरों में से सात भारत में हैं, जिनमें पांच तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में ही मौजूद हैं। वर्ष 2018 के दौरान प्रदूषण स्तर के मामले में गुरुग्राम पूरी दुनिया में टॉप पर है।

हालांकि पिछले साल की तुलना में उसका स्कोर कुछ बेहतर हुआ है। इस स्टडी में प्रदूषण मापने के लिए पीएम 2.5 यानी ढाई माइक्रॉन (1 माइक्रॉन = 1 मिलीमीटर का सौवां हिस्सा) के आकार वाले कण को आधार बनाया गया। पिछले साल विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दुनिया के 15 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची जारी की थी, जिनमें 14 भारत के थे। इधर कुछ सालों से सरकार पर्यावरण के मुद्दे को अपने अजेंडे में सबसे ऊपर रखने का दावा करने लगी है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। हर तरफ से दबाव पड़ता है तो सरकार आनन-फानन कुछ कदम उठा लेती है लेकिन फिर सब कुछ पुराने ढर्रे पर आ जाता है।

विकास के नाम पर सरकार ने औद्योगिक इकाइयों को धुआं फैलाने की खुली छूट दे रखी है। हरियाणा के अरावली क्षेत्र में निर्माण कार्य जारी रखने के लिए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की अनदेखी करते हुए 119 साल पुराना कानून बदल डाला। पीएलपीए (पंजाब लैंड प्रिजर्वेशन एक्ट 1900) में संशोधन के जरिए उसने अरावली और शिवालिक पहाड़ियों की 29,682 हेक्टेयर संरक्षित भूमि को विकास कार्यों के लिए खोल दिया। गनीमत है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस संशोधन पर रोक लगा दी है।

कई और राज्यों ने भी पर्यावरण के नियमों को धता बताते हुए औद्योगिक इकाइयों, बिल्डरों और खनन माफिया को मदद पहुंचाई है। आईआईटी कानपुर की एक स्टडी के अनुसार प्रदूषण के लिए औद्योगिक इकाइयों और पराली जलाने जैसी सामयिक वजहों के अलावा गाड़ियों की बढ़ती संख्या, छोटे उद्योगों का डीजल जैसे प्रदूषणकारी ईंधनों पर निर्भर होना और निर्माण कार्यों व टूटी सड़कों की वजह से हवा में धूल का उड़ना भी जिम्मेदार है। आज भी ज्यादातर औद्योगिक इकाइयों में वायु प्रदूषणरोधी उपाय नहीं किए गए हैं।

कुछ शहरों में पेट्रोल-डीजल की जगह गैस के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया गया है लेकिन इसके अपेक्षित नतीजे अभी आने बाकी हैं। महानगरों में सीएनजी पंपों पर लंबी-लंबी लाइनें लगी रहती हैं और अदालत के आदेशों के बावजूद पुरानी डीजल गाड़ियां सड़कों पर धुआं छोड़ती रहती हैं। प्रदूषण कम करने के लिए सबसे पहले हमें उसकी गंभीरता को समझना होगा, फिर दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ उससे निपटने के उपाय लागू करने होंगे। पड़ोस में चीन ऐसा कर सकता है तो हम क्यों नहीं कर सकते?

# 31 मार्च के बाद काम नहीं करेगा आपका पैन कार्ड

नई दिल्ली। आप नौकरीपेशा है या फिर बिजनेसमैन, पैन कार्ड आपके महत्वपूर्ण दस्तावेजों में से एक है. इनकम टैक्स फाइल करने से लेकर बैंक अकाउंट खुलवाने तक में पैन कार्ड की जरूरत होती है. लोन लेने के दौरान भी पैन कार्ड बहुत जरूरी होता है. पैन आपका फाइनेंशियल स्टेटस भी दिखाता है. लेकिन, इस सबके बीच क्या आपने सोचा कि यदि पैन कार्ड रद्दी हो जाएगा तो क्या होगा. यह संभव है यदि आप 31 मार्च तक एक जरूरी काम नहीं निपटाया तो.




### पैन-आधार को लिंक कराना जरूरी

पैन कार्ड को आधार से 31 मार्च 2019 तक लिंक करा सकते हैं. यदि आपने अभी तक भी लिंक नहीं कराया तो आपको भविष्य में परेशानी हो सकती है. पिछले साल भी सरकार ने 11.44 लाख पैन को बंद कर दिया है या फिर उन्हें निष्क्रिय कैटेगरी में डाल दिया है. 31 मार्च की के बाद आधार-पैन लिंक नहीं होने पर आपके साथ भी ऐसा हो सकता है.

### इनवेलिड हो सकता है पैन कार्ड

अगर अभी तक अपने पैन कार्ड को आधार से लिंक नहीं किया है तो आपको काफी परेशानी हो सकती है. इनकम टैक्स ऐक्ट की धारा 139AA के तहत आपका पैन इनवैलिड माना जाएगा. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, पैन कार्ड लिंक नहीं होने की स्थिति में आप ऑनलाइन ITR फाइल नहीं कर पाएंगे. आपका टैक्स रिफंड फंस सकता है. साथ ही, PAN कार्ड इनवैलिड हो जाएगा.

### डेडलाइन के बाद रद्दी हो जाएगा पैन

पिछले साल सरकार ने टैक्सपेयर्स से आयकर रिटर्न भरने के लिए आधार को पैन से जोड़ने के लिए कहा था. हालांकि, बाद में इसकी डेडलाइन बढ़ा दी गई. मार्च 2018 तक पैन-आधार को जोड़ने की आखिरी तारीख थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट में आधार मामले की सुनवाई के चलते इसे आगे बढ़ा दिया गया. फिर इसकी डेडलाइन 31 अगस्त 2018 है. लेकिन, बाद में इसे फिर बढ़ाकर 31 मार्च 2019 कर दिया गया. अब अगर आधार से पैन कार्ड लिंक नहीं होता, तो पैन कार्ड रद्द हो सकता है.

### ऑनलाइन इस तरह लिंक करें आधार-पैन

- अगर आपका अकाउंट नहीं बना है तो सबसे पहले खुद को रजिस्टर कीजिए.
- अब आयकर विभाग की ई-फाइलिंग वेबसाइट पर जाएं.
- यहां आपको 'लिंक आधार' का ऑप्शन मिलेगा, इस पर क्लिक करें.
- लॉगइन करने के बाद अपने अकाउंट की प्रोफाइल सेटिंग में जाएं.
- प्रोफाइल सेटिंग में आधार कार्ड लिंक करने का ऑप्शन दिखेगा, इसे सलेक्ट करें.
- अब दिए गए सेक्शन में अपना आधार नंबर और कैप्चा कोड दर्ज करें.
- जानकारी भरने के बाद नीचे दिख रहे 'लिंक आधार' ऑप्शन पर क्लिक करें, ऐसा करने से आपका आधार लिंक हो जाएगा.
- दूसरा तरीका यह है कि आप एसएमएस से भी अपना आधार और पैन कार्ड लिंक कर सकते हैं. इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के अनुसार 567678 या 56161 पर एसएमएस भेजकर आधार को पैन से लिंक करा सकते हैं.

# सैमसंग भारत में टीवी के लिए फिर से प्लांट नहीं लगाएगी

कोलकाता (आरएनएस)। सरकार की ओर से भारत में टेलिविजन प्रॉडक्शन दोबारा शुरू करने के भारी दबाव के बीच सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने देश के दो प्रमुख कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर ने इस संबंध में बातचीत शुरू कर दी है। मामले से वाकिफ लोगों ने बताया कि सैमसंग 42-इंच के टीवी मॉडल के प्रॉडक्शन को शुरू करने के लिए फॉक्सकॉन और डिक्सन टेक्नोलॉजीज से बात कर रही है। देश में बिकने वाले आधे से ज्यादा टेलीविजन 42 इंच के होते हैं। इंडस्ट्री के दो सीनियर एग्जिक्यूटिव्स ने बताया कि टेलिविजन बिजनस में घटते मार्जिन और प्राइस वॉर को देखते हुए सैमसंग फिर से भारत में टेलिविजन प्लांट पर निवेश नहीं करना चाहती। सरकार ने सैमसंग से कहा था कि अगर वह दोबारा भारत में टेलीविजन प्रॉडक्शन शुरू करती है तो ओपन सेल टीवी पैनल पर लगने वाले ड्यूटी को 5 पर्सेंट से घटाकर जीरो कर दिया जाएगा।

# लग्जरी लाइफ के लिए लोन लेने में महिलाएं आगे, पुरुषों को छोड़ा पीछे


नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की महिलाओं के बीच लग्जरी लाइफ की होड़ तेजी से बढ़ रही है। महिलाएं अमीर बनने और कार, टू-व्हीलर तथा अन्य लक्जरी आइटम के अपने शौक पूरे करने के लिए भारी मात्रा में लोन लेने में भी संकोच नहीं कर रही हैं। गत तीन वर्षों 2015 से 2018 की बात करें तो लोन लेने वाली महिलाओं की संख्या में 48 फीसदी का इजाफा हो गया है। वहीं, पुरुषों की कर्ज लेने की दर में महज 35 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।



यह दिलचस्प जानकारी ट्रांसयूनियन सिबिल द्वारा कराए गए एक अध्ययन में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक उधार लेने के लिए महिलाएं प्रति वर्ष लगभग 86 लाख नए खाते खोल रही हैं। इनमें से 66 प्रतिशत महिलाएं दक्षिणी भारत के तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक से हैं। सबसे ज्यादा तमिलनाडु में 27 फीसदी, केरला में 13, महाराष्ट्र में 9, कर्नाटक में 7 और अन्य राज्यों में 34 प्रतिशत है। यहां महिलाएं स्वावलंबी होने के साथ अपने व्यापार को बढ़ाने और अपनी निजी जरूरतों को पूरा करने के लिए कर्ज लेने में हिचकिचाती नहीं हैं। वे नए उद्यम स्थापित करने के लिए बिजनेस लोन को तरजीह दे रही हैं। महिलाओं में सोने के प्रति अभी भी आकर्षण बरकरार है। वे या तो सोना खरीदने के लिए लोन लेती है या फिर इसे गिरवी रखकर अपने शौक पूरे करती हैं। गोल्ड लोन (या लोन अगेंस्ट गोल्ड) अभी भी 5.64 करोड़ खातों के साथ सबसे आगे है। हालांकि 2018 में इसमें 13 प्रतिशत की गिरावट आई है।

# गूगल ने डूडल के जरिए किया नारी शक्ति को सलाम

नयी दिल्ली (आरएनएस)। इंटरनेट सर्च ईंजन गूगल ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर अपने डूडल के जरिए समूचे विश्व की नारी शक्ति को सलाम किया है।



गूगल ने अपने होमपेज पर विशेष डूडल बनाया है। डूडल में विभिन्न 14 भाषाओं में महिला सशक्तिकरण के प्रेरक कोट्स लिखे गए हैं। इसमें उन महिलाओं के नाम भी शामिल किए गए हैं, जिन्होंने ये कोट्स दिए हैं। इन महिलाओं में भारतीय मुक्केबाज मैरी कॉम का भी नाम शामिल है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष आठ मार्च को अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

# महिलाओं के हाथों में सौंपी 12 उड़ानों की कमान

## एयर इंडिया की अहम पहल

नई दिल्ली (आरएनएस)। एयर इंडिया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर पूर्ण रूप से महिला चालक दल वाली 12 अंतरराष्ट्रीय और 40 से ज्यादा घरेलू उड़ानों का परिचालन करेगी। एयरलाइन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में बताया कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उसकी मध्यम और लंबी दूरी की 12 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में चालक दल में केवल महिलाएं होंगी।


इसके घरेलू मार्गों पर 40 से ज्यादा उड़ानों के फेरे का परिचालन पूरी तरह महिला दल के हाथ में होगा।

# पाकिस्तान को अलग-थलग करने की बीसीसीआई की कोशिश जारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा पाकिस्तान को अलग-थलग करने की भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मांग ठुकराने के बावजूद प्रशासकों की समिति (सीओए) ने गुरुवार को इस मुद्दे पर कायम रहने का फैसला किया। आईसीसी ने पिछले सप्ताह दुबई में अपनी बोर्ड बैठक में बीसीसीआई का आतंकवाद को पनाह देने वाले देशों के साथ संबंध समाप्त करने का आग्रह ठुकरा दिया था। बीसीसीआई ने पुलवामा आतंकी हमले के बाद इस प्रस्ताव को लाने का फैसला किया था। हालांकि ऐसा समझा जा रहा है कि सीओए ने गुरुवार को यहां हुई बैठक में इस पर अड़े रहने का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार, सीओए के सदस्य विनोद राय और डायना इडुल्जी ने जोर देकर कहा कि आईसीसी ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से प्रतिबंधित करने के भारत के आग्रह को पूरी तरह से नहीं ठुकराया है।

# अपनी मनोकामना के अनुसार करें भगवान की पूजा, मिलेगी जल्दी सफलता

हिंदू धर्म में अनेक देवी - देवता हैं और लोग अपनी आस्था के अनुसार भगवान की पूजा करते हैं। शास्त्रों में बताया गया है कि व्यक्ति को अपनी मनोकामना के अनुसार कौनसे भगवान की पूजा करनी चाहिए। माना जाता है कि व्यक्ति अगर अपनी मनोकामना के अनुसार भगवान की पूजा करे तो उसकी इच्छा जल्दी पूरी होती है। व्यक्ति को मनोकामना के अनुसार कौनसे भगवान की पूजा करनी चाहिए आइए आपको बताते हैं इसके बारे में...



अगर आपकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं चल रही है और आपको आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो आप धन प्राप्ति की कामना के लिए भगवान कुबेर की पूजा करें। अगर आपके पास धन आता तो है लेकिन ठहरता नहीं है यानि आपकी सेविंग नहीं हो पा रही है और इसी कारण आपको आवश्यकता पड़ने पर धन की कमी का सामना करना पड़ता है तो आप माता लक्ष्मी की पूजा करें। इससे आय में वृद्धि होगी और बचत भी होगी। अगर आप किसी से प्यार करते हैं और चाहते हैं कि आप उम्र भर प्रेमी के साथ रहें तो राधा - कृष्ण की पूजा करें।अगर आप प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं तो माता सरस्वती की पूजा करें। अगर आप किसी शुभ कार्य की शुरूआत कर रहे हैं और चाहते हैं कि आपका कार्य निर्विघ्न संपन्न हो तो भगवान गणेश की पूजा करें।

# सेना की कैप पहन कर उतरी भारतीय टीम, पुलवामा शहीदों के परिवार को देंगे मैच फीस

रांची (आरएनएस)। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के पास अगर पिंक टेस्ट और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के पास पिंक वनडे है तो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड शुक्रवार को रांची में खेले जा रहे तीसरे वनडे मैच से एक नई मुहिम शुरू कर रही है जिसके तहत वह हर साल एक मैच में भारतीय सेना जैसी कैप पहन कर उतरी है। इसके पीछे मकसद सेना का सम्मान और उसके द्वारा दिए गए बलिदान को श्रद्धांजलि देना है। इस मुहिम की पहल लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र सिंह धोनी और भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली ने की है। यह मुहिम भारत और आस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही पांच मैचों की सीरीज के तीसरे वनडे से शुरू हो रही है और अब हर साल भारतीय टीम अपने घर में एक मैच में सेना जैसी कैप पहन कर मैदान पर उतरेगी।



बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि धोनी का सेना के प्रति प्यार जगजाहिर है।

# आज का राशिफल

**मेषः** आज आप पर लक्ष्मीजी की कृपादृष्टि है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। विवाह के लिए जीवनसाथी मिलने का योग है। सामाजिक रूप से आपको यश-कीर्ति मिलेगी।

**वृषभः** आज आप किसी भी प्रकार के मानसिक भार से मुक्त हो जाएंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन में भी सुख-संतोष का आपको अनुभव होगा। व्यवसाय में भी आपको यश मिलेगा।

**मिथुनः** आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। स्वास्थ्य में कुछ उतार-चढ़ाव आ सकता है। धन का व्यय अधिक हो सकता है। संतान के भविष्य को लेकर चिंता हो सकती है।

**कर्कः** आज नकारात्मक विचारों से दूर रहें। असमंजस जैसी स्थिति के कारण कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय आज न लें। परिजनों से मनमुटाव हो सकता है। मध्याह्न के बाद मानसिक स्वस्थता प्राप्त होगी।

**सिंहः** आज आपको मनोरंजन के भरपूर साधन उपलब्ध होंगे। जिससे आप मित्रों और स्नेहीजनों के साथ आनंद लूटेंगे। परंतु मध्याह्न के बाद अधिक विचारों के कारण मानसिक रूप से आप थक जाएंगे।

**कन्याः** आज का दिन आपके लिए शुभ है। कार्य सफलता मिलने से आज आप आनंदित रहेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। परिवार का वातावरण भी अनुकूल रहेगा।

**तुलाः** लेखन कार्य और सृजनात्मक प्रवृत्तियों के लिए आज का दिन शुभ है। बौद्धिक चर्चा में भाग लेने के लिए कार्य में आपको सफलता मिलेगी। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे।

**वृश्चिकः** दिन आपके लिए मध्यम फलदायी होगा। वाणी तथा क्रोध से बचें, अन्यथा हानि हो सकती है। बातचीत में किसी के साथ मतभेद न हो इसका ध्यान रखें।

**धनुः** दिन के समय में आज आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। परिजनों के साथ पारिवारिक प्रश्नों की चर्चा का आयोजन होगा। सारा दिन आनंद और उल्लास में बिताएंगें।

**मकरः** आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज धार्मिक विचारों के साथ-साथ धार्मिक कार्यों में खर्च हो सकता है। अधिक वाद-विवाद से परिवार का वातावरण खराब न हो, इसका ध्यान रखें।

**कुंभः** आज आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। गहन चिंतनशक्ति और आध्यात्मिकता दोनों में आपका मन डूबा रहेगा। नकारात्मक विचारों को मन से निकाल देने की गणेशजी सलाह देते हैं।

**मीनः** दिन मध्यम फलदायी होगा। आपका स्वास्थ्य नरम-गरम हो सकता है। मानसिक शांति प्राप्त कर पाएंगे।

# अफगानी चिकन विंग्स रेसिपी

अफगानी चिकन विंग्स काफी लजीज लगते हैं. इस तीन चीजों से बनाया जाता है. बनाना आसान होता है इनका स्वाद मजेदार होता है.



**एक नज़र**

रेसिपी क्विजीन : इंडियन

समय : 15 से 30 मिनट

मील टाइप : वेज

**आवश्यक सामग्री**

500 ग्राम चिकन विंग्स

250 ग्राम सॉल्टेड बटर

250 ग्राम फ्रेश ीम

100 ग्राम लहसुन, बारीक काट लें

1/2 टीस्पून कालीमिर्च पाउडर

कड़ाही

**विधि-**

- सबसे पहले मीडियम आंच पर कड़ाही में बटर डालकर गर्म करें.
- फिर इसमें लहसुन डालकर हल्का भूना होने तक फ्राई करें.
- इसके बाद इसमें चिकन विंग्स डालकर अच्छी तरह मिलाते हुए 10 मिनट तक चलाते हुए पकाएं.
- जब चिकन विंग्स का कलर हल्का गोल्डन ब्राउन हो जाए तो इसमें फ्रेश क्रीम डालकर अच्छी तरह मिला लें.
- 10 मिनट तक चलाते हुए पकाएं.
- 2 मिनट के लिए कड़ाही को ढक दें.
- आंच बंद करके कड़ाही को उतार लें. इसमें काली मिर्च पाउडर छिड़क दें.
- तैयार है अफगानी चिकन विंग्स.
- मनपसंद चटनी के साथ खाइए-खिलाइए.

# शब्द सामर्थ्य-100

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा–जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने–पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 99 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

# सू-दोकू-100

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.99का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |